an>

Title: Regarding increase in usage of drugs among youths.

श्री हरीश मीना (दौसा):अध्यक्ष महोदया, देश में मादक पदार्थों का बढ़ता हुआ व्यापार व सेवन न सिर्फ युवाओं के स्वास्थ्य के लिए ही खराब नहीं है, अपितु इससे आपराधिक प्रवृत्तियां भी बढ़ रही हैं। इसके कारण से पूरे देश का भविष्य अंधकार में है। मेरा आपसे आग्रह है कि सरकार को निर्देश दें कि इसके लिए सख्त नीति बने, जो लोग इसका सेवन करते हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई हो, जो लोग इनका व्यापार करते हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई हो। दोसा समेत पूरे राजस्थान का युवा इसके कारण बर्बाद हो रहा है। मेरा आपसे अनुरोध है कि गृह मंत्री जी यहां बैठे हैं, इनको निर्देश दें कि इसके लिए अविलम्ब नीति बनायी जाए। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष:

श्री भैरों प्रसाद मिश्र,

डॉ० कुलमणि सामल और

श्री रवीन्द्र कुमार जेना को श्री हरीश मीना द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

श्री रवनीत सिंह (लुधियाना):अध्यक्ष महोदया, पिछले दस साल में पंजाब को पिछली सरकार ने जो कोढ़ दिया है, मैं उसकी बात करने जा रहा हूं। यह बात ज्यादा जरूरी इसलिए भी है कि होम मिनिस्टर साहब यहां बैठे हैं।

महोदया, पिछली पंजाब की सरकार में बीजेपी का भी उनके साथ अलायंस था, इसलिए इनकी भी मदद करने की जिम्मेदारी बनती है। पिछले दस साल से जो हो रहा था, उस नशे को हमने, पंजाब की … * की सरकार ने बिलकुल बंद कर दिया है।…(व्यवधान)

श्री अनुराग सिंह ठाकुर : महोदया, रोज केसेस आ रहे हैं कि पंजाब में नशा बढ़ा है।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: किसी का नाम लेकर एलिगेशन रिकॉर्ड में नहीं जाएंगे।

… (*Interruptions*)… *

माननीय अध्यक्ष: आप तो डेवलपमेंट के लिए फण्ड्स मांग रहे हैं।

…(व्यवधान)

श्री रवनीत सिंह : महोदया, नशा छोड़ने के लिए 126 परसेंट नौजवान अस्पतालों में आ रहे हैं और उसके लिए हम प्रबंध कर रहे हैं। मेरा प्वाइंट है कि पंजाब में नशा बंद हो गया है।…(व्यवधान) लेकिन कांडला पोर्ट्स से इंटरनेशनल स्मगलर्स हिमाचल प्रदेश और हरियाणा की तरफ से नशा सप्लाई कर रहे हैं।…(व्यवधान) अब पंजाब में बाहर से नशा सप्लाई हो रहा है। मेरी दो डिमाण्ड हैं कि जो नशे के इंजेक्शन पिछले दस साल से यूज़ कर रहे थे, उनको हेपिटाइटिस और पीलिया हो गया है। यह बहुत महंगा इलाज है।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: आप रीडेवलपमेंट के लिए पैसा मांगिए।

श्री रवनीत सिंह: महोदया, पंजाब सरकार जितनी कोशिश कर सकती है, वह कर रही है, लेकिन केन्द्र सरकार से हमें हेल्थ के लिए मदद चाहिए। जिस 126 परसेंट यूथ को हम नशा छुड़वा रहे हैं, उनकी स्किल डेवलपमेंट के लिए हमें पैसा चाहिए। मोदी जी ने भी अपने भाषण में यह बात कही थी कि हम स्किल डेवलपमेंट के लिए बहुत पैसा देंगे, लेकिन एक भी पैसा पंजाब में नहीं आया है। अगर नौजवान नशा छोड़ते हैं तो कोई न कोई काम तो हमें उन्हें देना होगा। इसलिए उनके स्किल डेवलपमेंट के लिए हमें पैसा चाहिए। ठाकुर साहब जो बोल रहे हैं, ये भी उतने ही भागीदार हैं, जितने अकाली दल वाले भागीदार थे।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: आपस की बातचीत का जवाब नहीं देते हैं।

Now, nothing will go in record.

… (*Interruptions*)… *

माननीय अध्यक्ष: यह आपसी बातचीत की जगह नहीं है।

…(व्यवधान)